# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

12 मई 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी, रायबरेली और गोंडा में आयोजित जन सभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**रायबरेली में कई भीषण दुर्घटनाएँ हुईं, फिर भी गाँधी परिवार नहीं आया; ये क्षेत्र की जनता के न दुःख के साथी हैं, न सुख के**

******************

**ट्रिपल तलाक़, मुस्लिम पर्सनल लॉ, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 और राम मंदिर पर राहुल गाँधी अपना स्टैंड क्लियर करे**

******************

**उत्तर प्रदेश की जनता मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाकर, सपा-कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ करने की हैट्रिक लगाने वाली है**

******************

**रायबरेली के हिस्से की सांसद निधि को नेहरु-गाँधी परिवार ने अपने वोट बैंक पर खर्च कर दी**

******************

**नेहरु-गाँधी परिवार चुनाव जीतने के लिए सिर्फ झूठे वादे करता है**

******************

**ये चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वालों और राम भक्तों के लिए प्रभु श्री राम का मंदिर बनाने वालों के बीच में है**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी में जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा की तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा और पिछले 10 वर्षों में प्रदेश व देश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री अमरपाल मौर्य, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री अनिल राजभर, कौशाम्बी लोकसभा प्रत्याशी श्री विनोद सोनकर, रायबरेली लोकसभा प्रत्याशी श्री दिनेश प्रताप सिंह, गोंडा लोकसभा प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद श्री कीर्तिवर्धन सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे। श्री शाह ने प्रदेश की जनता से कमल का बटन दबाकर भाजपा के सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बना कर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उपस्थित जनसैलाब के उत्साह से ये स्पष्ट हो गया है कि कौशाम्बी वालों ने श्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय कर लिया है। **इस चुनाव में कौशाम्बी की जनता को तीन हैट्रिक लगानी हैं। पहली, श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।** दूसरी, उत्तर प्रदेश से सपा, बसपा और कांग्रेस को तीसरी बार साफ करना है और तीसरी हैट्रिक, श्री विनोद सोनकर को तीसरी बार सांसद बनाना है। तीन

चरणों के चुनाव समाप्त हो चुके हैं और श्री नरेन्द्र मोदी जी 200 सीटों को पार करने की कगार पर हैं। यह चुनाव देश को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का, आतंकवादियों की गोली का जवाब गोले से देने का और तीन लाख खपती दीदी बनाने का है। यह चुनाव राम मंदिर बनाने वालों और राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच है। गोंडा के लोगों को तय करना है कि वो किसके साथ हैं।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तरप्रदेश वालों का कश्मीर से क्या लेना-देना है, लेकिन खड़गे साहब 80 की उम्र पार करने के बाद भी ये जान नहीं पाए कि उत्तरप्रदेश और कौशाम्बी का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। कांग्रेस, सपा-बसपा ने 70 वर्षों से कश्मीर में धारा 370 को अनौरस बच्चे की तरह संभाल कर रखा था लेकिन जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और श्री मोदी ने धारा 370 को जड़ से समाप्त कर दिया। **कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त करके भारत का अभिन्न अंग बनाने का कार्य माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है। श्री नरेन्द्र मोदी ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को खत्म करके देश को सुरक्षित करने का कार्य किया है।** 70 वर्षों तक कांग्रेस-सपा और बसपा ने श्री राम जन्मभूमि के मुद्दे को भटका कर रखा था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल में 5 वर्षों के भीतर ही केस का फैसला आया, भूमि पूजन भी हुआ और भव्य राम मंदिर भी बनाकर तैयार हो गया है। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश यादव, डिम्पल यादव, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को निमंत्रण भेजा गया लेकिन वोटबैंक के डर से उनमें कोई भी प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे। भाजपा उनके वोट बैंक से नहीं डरती इसलिए श्री राम मंदिर निर्माण के साथ विश्वनाथ दरबार का भी पुनरुद्धार भाजपा सरकार ने किया है। सोमनाथ मंदिर को भी फिर से सोने का बनाने का कार्य किया जा रहा है। श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे श्रद्धा केन्द्रों को फिर से सजाने का कार्य किया है। सपा-बसपा वाले कहते हैं राम मंदिर बनाना बेकार है, गोंडा वालों को ये याद रखना है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों शहजादों ने राम मंदिर के लिए बाबरी नाम का ताला तैयार रखा है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा इंडी गठबंधन भाजपा के खिलाफ लड़ रहा है और उनके जीतनी की कोई संभावना नहीं है लेकिन यदि ये जीत भी जाएं तो उनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा? इंडी गठबंधन के एक नेता ने कहा है कि एक-एक बर्ष सभी नेता प्रधानमंत्री बनेंगे। ऐसी परिस्थियों में कोरोना जैसी महामारी आ गई तो देश को ये घमंडिया गठबंधन वाले कैसे बचाएंगे? जब विश्व में कोरोना महामारी फैली तो श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लोगों को नि:शुल्क टीका लगवाकर सुरक्षित किया। अखिलेश यादव तब भी कह रहे थे कि ये मोदी टीका है, इसे मत लगवाना लेकिन जब देश ने टीका लगवा लिया तो एक रात डिम्पल यादव के साथ अखिलेश यादव भी छुपकर टीका लगवा आए। समाजवादी पार्टी की सरकार में सपा के गुंडे गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर लेते थे, प्रदेश में गुंडों-माफियाओं का राज था। जनता परेशान थी लेकिन **जनता ने उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया राज समाप्त करके गरीबों की जमीन को मुक्त कराया और विकास की गंगा बहाई है। पहले उत्तर प्रदेश में देसी कट्टे बनाने की फैक्ट्रियां चलती थीं लेकिन आज डिफेंस कॉरिडोर में तोप के गोले बन रहे हैं।**

श्री शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रायबरेली से जीतने के बाद गांधी परिवार कभी वापस नहीं आया, रायबरेली में कई दर्दनाक घटनाएं हुई जिसमें कई लोगों की मृत्यु हुई लेकिन राहुल गांधी या प्रियंका गांधी पीड़ित परिवारों से मिलने तक नहीं पहुंचे। सांसद ऐसा होना चाहिए जो जनता की खुशी में खुश और दुख में दुखी हो। सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने सांसद निधि में आने वाली राशि अल्पसंख्यकों पर खर्च करने का काम किया है। सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया। कांग्रेसी फिर से देश की जनता के सामने झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अल्पसख्यकों के लिए अलग कानून बनाएंगे, तीन तलाक वापस लाएंगे। नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक और 370 की समाप्ति को किसी को हाथ नहीं लगाने दिया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि **मैं राहुल गांधी से 5 सवाल पूछना चाहता हूँ। राहुल बाबा को रायबरेली की जनता को जवाब देना चाहिए कि तीन तलाक वापस क्यों लाना चाहते हो**? **राम मंदिर में दर्शन करने क्यों**

**नहीं गए**? **देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ होना चाहिए या नहीं**? **सर्जिकल स्ट्राइक का समर्थन करते हैं या नहीं**? **धारा 370 हटाने का समर्थन करते हैं या नहीं**?

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि **रायबरेली की जनता ने वर्षों तक कांग्रेस पार्टी को मौका दिया लेकिन कोई भी विकास का कार्य नहीं हुआ।** गांधी परिवार झूठ बोलने में माहिर है, तेलंगाना चुनाव में महिलाओं को 15 हजार रुपये देने का और छत्तीसगढ़ में 500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। कांग्रेस के नेता भाजपा सरकार पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं लेकिन **जब तक संसद में एक भी सदस्य भाजपा का है तब तक देश में अनुसूचित जाति, जनजाति या पिछड़ा वर्ग का आरक्षण खत्म नहीं हो सकता।** कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना और कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 4 प्रतिशत आरक्षण छीनकर वर्ग विशेष को दे दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जैसे 14 एक्सप्रेसवे बनाए गए, 7000 किमी नेशनल हाईवे को बढ़ाकर 12000 किमी तक विस्तृत किया गया, 9 हवाईअड्डे बन चुके है और 12 निर्माणधीन हैं, जेवर में एशिया का सबसे बाद हवाईअड्डा बन रहा है, 2 शहरों से बढ़कर आज 5 शहरों में शुरू हो चुकी है, 68 मेडिकल कॉलेज बनाए गए, डिफेन्स कॉरिडर बनाया गया, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, बरेली में फूड पार्क, नोएडा में आईआईटी बनाने के साथ अनेकों विकास कार्य किये गए।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और **इंडी गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्लाह और मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो और पाक अधिकृत कश्मीर की मांग मत करो, क्योंकि उनके पास परमाणु बम हैं, लेकिन भाजपा सरकार परमाणु बम के नाम पर नहीं डरती है और पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेकर रहेगी।** कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के लिए बहुत से काम किये, बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया और उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। **माननीय मोदी जी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया और महू, लंदन, नागपूर, दिल्ली और मुंबई बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर से जुड़े हुए पांचों स्थानों का विकास करके उन्हें तीर्थ स्थान बनाने का कार्य किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 300 करोड़ की लागत से प्रतापगढ़ कौशाम्बी जनपद को गंगा नदी के पुल से जोड़ने का काम, मेडिकल कॉलेज लाने का काम, 50 बेड का नया अस्पताल, 47 हजार गरीबों को घर देने का काम, उज्जवला योजना में 2 लाख माताओं को गैस कनेक्शन देने का काम, 2 लाख 45 हजार घरों में नल से जल, 16 हजार लाभार्थियों को मुद्रा योजना के तहत लाभ देने का कार्य किया है। कौशाम्बी के प्रसिद्ध केले को एक जिला एक उत्पाद(ODOP) में जोड़ने का कार्य किया। **समाजवादी पार्टी की सरकार कौशाम्बी का विकास नहीं कर सकती, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही उत्तर प्रदेश का विकास कर, देश को आगे बढ़ा सकते हैं।** गोंडा में ग्राम सड़क योजना के तहत 600 किमी सड़क बनाई गई, कर्नलगंज की सरयू नदी पर पुल बनाया गया, 517 करोड़ गोंडा में रेलवे के विकास के लिए प्रस्तावित हैं, गोंडा से दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन चलाई गई, पीएम आवास योजना के तहत 80 हजार लोगों को घर मिले, 3 लाख 36 हजार गरीब माताओं को गैस सिलेंडर मिला, 5 लाख घरों में नल से जल पहुंचाया गया, 4 लाख 77 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि मिली है। गोंडा में बंद पड़े 20 चीनी मिलों को शुरू किया, 5 नई चीनी मिलें बनाई और 38 मिलों की क्षमता बढ़ाने का कार्य किया गया है। गन्ने की बुआई के क्षेत्रफल में 9 लाख हेक्टर की बढ़ोतरी करने का कार्य भी भाजपा सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश में 1995 से 2017 तक गन्ना किसानों को 23 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होता था लेकिन 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद गन्ना किसानों को 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपए के भुगतान का कार्य किया गया है।

**********************